**विज्ञापन संख्या : - 06/RKDVS/2025-26** **U01407RJ2009PLC029581**

**ऑनलाइन आवेदन**

**प्रशिक्षण विभाग**
**राजस्थान कृषि एंड डेयरी विकास संस्थान**
**आवश्यकता**
**सीधी भर्ती -2025**

**1. आवेदन प्रकिया :-**

**ऑनलाइन:-** ऑनलाइन आवेदन के लिये संस्थान की वेबसाइट **https://rajasthankrishianddairyvikassansthan.com/** पर जाये तथा **ऑनलाइन आवेदन** पर क्लिक करें।

**ऑनलाइन आवेदन**

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें। आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढे । कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी ।
2. अभ्यर्थी आवेदन अपने मोबाइल व लैपटॉप से स्वयं भी कर सकता है |

**2. पद का नाम / पद संख्या/ पारिश्रमिक:-**

| क्र.स. | पदनाम | पद संख्या | मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट अधीक्षक | 480 | 32,500/- |
| 2 | पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता (AHW) | 5000 | 26,300/- |
| 3 | कृषि प्रसार कार्यकर्ता (AEW) | 5000 | 26,300/- |
| 4 | प्रशिक्षक | 40 | 28,100/- |

आवेदक को विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करने होंगे रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है जिसके सम्पूर्ण अधिकार राजस्थान कृषि एंड डेयरी विकास संस्थान के पास रहेंगे |

- ❖ लक्ष्य निर्धारण के अनुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर लिया जाएगा।
- ❖ उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ते देय नहीं होंगे।

## 3. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र.स. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | यूनिट अधीक्षक | • भारत के विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय / संस्था से किसी भी विषय में स्नातक । |
| 2 | पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता (AHW) | • भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से **12वी उत्तीर्ण** पशुपालन में डिप्लोमाधारी को वरियता दी जाएगी । |
| 3 | कृषि प्रसार कार्यकर्ता (AEW) | • भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से **10वी उत्तीर्ण 12वी** कृषि विषय से उत्तीर्ण को वरियता दी जाएगी \| |
| 4 | प्रशिक्षक | • भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक व B.ED |

**अन्य योग्यताएँ:-**

1) **अभ्यर्थी का स्वास्थ्य-** संस्थान में रिक्त पदो पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए ।
2) **चरित्र-** संस्थान में सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए । जिसका चयन के उपरान्त चरित्र प्रमाण पत्र देना होगा |
3) राजस्थानी व स्थानीय भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है |
4) अभ्यर्थी किसी भी तरह के नशे का आदि नही होना चाहिए |

**विशेषः-** उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है ।

**4. आयु सीमा :-**

18-40 वर्ष ( जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुका हो व 40 वर्ष से अधिक आयु न हो |( आयु में छुट देय नही है )

**5. आवेदन अंतिम तिथि :-**

**दिनांक 21 नवम्बर 2025 रात्रि 12:00 बजे तक |**
**परीक्षा तिथि – संभावित फरवरी माह 2026**

- अभ्यार्थी से लिए गए आवेदन शुल्क के बदले संस्थान द्वारा अभ्यार्थी को आवेदन शुल्क मूल्य का रुट पावर उत्पाद उपलब्ध करवाया जाएगा अतः आवेदन शुल्क के रुप में लिए गई राशि उत्पाद की राशि है जो आवेदन शुल्क की राशि प्रतिदेय है ।

**6. पद अनुसार लक्ष्य, कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य :-**

- परीक्षा पाठ्यक्रम संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है

| क्र.स. | पदनाम | लक्ष्य एवं कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य |
|---|---|---|
| 1 | **यूनिट अधीक्षक** | ➢ जिले में ब्लॉक स्तर पर गौशाला / शैक्षणिक संस्थान / कृषिफार्म में कृषक/ पशुपालक प्रशिक्षण यूनिट की स्थापना करना ।<br>➢ संस्थान की "उन्नत कृषि-पशुपालन" योजना का प्रचार प्रसार करना तथा उपरोक्त योजना का लाभ कृषक / पशुपालकों तक पहुँचाना \|<br>➢ उत्पाद बिक्री लक्ष्य चयन के बाद क्षेत्र के अनुसार अलग – अलग आवंटित किए जाएंगे \|<br>➢ किसान व पशुपालको को उन्नत कृषि एवं पशुपालन के बारे में जानकारी देकर आय बढाने में सहयोग करना<br>➢ क्षेत्र में यूनिट अधीक्षक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य यूनिट उपाधीक्षक द्वारा पूरा किया जाएगा ।<br>➢ सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना ।<br>➢ समस्त प्रकार के खर्चों पर नियत्रण करना व लेखा-जोखा रखना ।<br>➢ संस्थान को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट दैनिक रूप से देना।<br>➢ संस्थान द्वारा समय – समय पर दिए गए निर्देशों की पालना करना \| |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ संस्था के उत्पादों का प्रचार- प्रसार करना व आवंटीत लक्ष्य अनुरूप कार्य करना<br>➢ प्रत्येक माह 5 युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना व एडमिशन करवाना \|<br><br>**<u>आपके लाभ:-</u>**<br>➢ लक्ष्य प्राप्ति पर आपका मासिक वेतन 32,500 देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी ।<br><br>➢ मासिक लक्ष्य की 100% प्राप्ति पर 3000 रु. वाहन भत्ता संस्थान द्वारा अलग से देय होगा। लक्ष्य की 100% प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा।<br><br>➢ लक्ष्य निर्धारण चयन के बाद क्षेत्रवार अलग- अलग होंगे \|<br><br>➢ स्वरोजगार के लिए प्रत्येक एडमिशन पर 500 रूपये इंसेटिव देय होगा \| |
| **2** | **पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता (AHW) / कृषि प्रसार कार्यकर्ता (AEW)** | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ मासिक लक्ष्य अनुसार उत्पाद पशुपालकों को प्रति माह बिक्री करना होगा<br>➢ संस्थान को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट प्रतिदिन देनी होगी ।<br>➢ प्रत्येक माह 5 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए एडमिशन करवाना होगा \|<br>**<u>आपके लाभ:-</u>**<br>➢ लक्ष्य के अनुसार कार्य करने पर प्रतिमाह राजस्थान कृषि एंड डेयरी विकास संस्थान द्वारा मासिक आय छब्बीस हजार तीन सों (26,300/-रु.) प्राप्त होगी। मासिक लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर लक्ष्य अनुसार मासिक आय में आनुपातिक कटौती की जायेगी एवं लक्ष्य अनुसार कार्य पुरा करने पर प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी ।<br>➢ संस्थान द्वारा पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता/ कृषि प्रसार कार्यकर्ता को उत्पाद निश्चित कमीशन पर उपलब्ध करवाये जायेंगे । मासिक लक्ष्य की प्राप्ति करने पर संभावित छब्बीस हजार तीन सों (26,300/-रु.) अधिकतम मासिक कमीशन की आय वेतन के अतिरिक्त अर्जित की जा सकेगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | | ➢ संस्थान के लक्ष्य पूर्ण करने पर एक हज़ार रूपये (1000 रु.) अतिरिक्त बोनस भुगतान दिया जायेगा, निर्धारित लक्ष्य लगातार एक वर्ष तक पूर्ण करने पर संस्थान की ओर से नियमानुसार संसाधन दिए जाएंगे । |
| **3.** | **प्रशिक्षण** | ➢ जिला लेवल पर अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करना<br>➢ समय-समय पर फार्म हाउस व गौशाला का भ्रमण करवाना<br>➢ समय-समय पर प्रैक्टिकल करवाना\|<br>➢ फिल्ड में जाकर युवाओं को प्रशिक्षण व स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहीत करवाना \|<br>➢ प्रत्येक माह 15 युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहीत कर एडमिशन करवाना \|<br>➢ 100% लक्ष्य प्राप्ती पर प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढोतरी \|<br>➢ प्रत्येक प्रशिक्षण के एडमिशन पर 500 रूपये इंसेटिव \| |

❖ **<u>विशेष :-</u>** किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा संस्थान की अनुमति के बिना करने का अधिकार नहीं होगा । अतः उपरोक्त किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व संस्थान से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। बिना अनुमति के किये गये खर्चे की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी / अधिकारी की होगी ।

**<u>विशेष :-</u>**

1. लक्ष्य अनुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर दिया जाएगा।
2. कार्य नही करने पर संस्थान द्वारा किसी भी तरह का मासिक वेतन व भत्तों का भूगतान नही किया जाएगा |

## <u>7. चयन प्रक्रिया:-</u>

क. सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रो की जाँच की जायेगी।
विशेषः- आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का ही मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी भरे । गलत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा, गलत जानकारी के कारण चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नही होने का प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा |

ख. आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर भेजी जाएगी।

ग. ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को ई-मेल के द्वारा नियम व शर्तों के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से संस्थान के पत्ते पर भेजना होगा।

विशेष :- संस्थान द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजे जाने सम्बंधित ई-मेल में दिए गये सभी निर्देशों को आवेदक द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी करवाकर संस्थान कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी आवेदक द्वारा गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र भेजा जाएगा तो, गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र को संस्थान द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी ।

घ. जिन आवेदकों द्वारा संस्थान से भेजे गए कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर संस्थान कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्ही आवेदकों को साक्षात्कार के लिये ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा। साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो) व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

ङ. साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोटिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा | जिसकी सूचना संस्थान द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी। प्रशिक्षण के लिए आवेदक को किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नही होगा |

| **क्र.स.** | **पदनाम** | **लिखित परीक्षा** | **साक्षात्कार परीक्षा** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट अधीक्षक | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 2 | पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता (AHW) | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 3 | कृषि प्रसार कार्यकर्ता (AEW) | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 4 | प्रशिक्षण | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |

आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये दोनों में अलग-अलग 50% अंक लाना अनिवार्य है। अन्यथा चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा |

ऑनलाइन परीक्षा की विस्तृत जानकारी व पाठयक्रम साथ में संलग्न है। आवेदक इसको ध्यानपूर्वक पढ़े व उसी अनुसार तैयारी करे

**8. परीक्षा का स्थान :-**

संस्थान द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जायेगी। जो कंप्यूटर व मोबाईल के माध्यम से किसी भी स्थान से दे सकते हैं। इस परीक्षा के लिये संस्थान द्वारा कोई भी परीक्षा केंद्र व प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा, ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदकों को एक लिंक उनकी रजिस्टर्ड ईमेल / मोबाईल पर भेजा जायेगा। अधिक जानकारी साथ में संलग्न सिलेबस में दी गयी है उसको सावधानीपूर्वक पढे ।

**9. आवेदन प्रक्रिया :-**

1. ऑनलाइन आवेदन के लिये संस्थान की वेबसाइट **https://rajasthankrishianddairyvikassansthan.com/** पर जाये तथा रोजगार आवदेन पर क्लिक करें ।
2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन नियम व शर्तो को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
3. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो तीन माह से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें।
4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे । अधूरी जानकारी भरने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा | जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे
5. नोट: आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं व जो हमेशा चालू रहे वही भरे ।
6. ऑनलाइन भुगतान आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है। आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखे ।
7. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखे । आवेदन पत्र को संस्थान के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है।
8. इस भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें संस्थान द्वारा ई मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी। अतः आवेदक अपनी ई-मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे। गलत पता एवं गलत ई मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी
9. ये भर्ती निजी संस्थान द्वारा की जा रही है इसके लिए आप किसी भी न्यायालय में याचिका दायर करने व स्थाई करण के हकदार नही होंगे | प्रदेश में परीक्षा मेरीट सूची में प्रथम रहे उम्मीदवारो का वरियता सूची के आधार पर चयन किया जाएगा ( किसी भी प्रकार का आरक्षण देय नही होगा )

## 10. स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देशः-

### 1. फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश :-

1. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा|
2. आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी होगी, ( तीन माह पुरानी न हो ) मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें।
3. फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 40 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए ।
4. यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ्लैश) नहीं होनी चाहिए।
5. आवेदक की फोटो में काला या धूप का चश्मा नहीं होना चाहिए ।
6. फोटो जेपीईजी (JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए ।
7. फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए ।
8. चयन के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवदेक का चयन निरस्त कर दिया जाएगा|

### 2. हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश:-

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा ।
- हस्ताक्षर केवल जेपीईजी (JPEG) प्रारूप में ही को स्वीकार किया जाएगा ।
- हस्ताक्षर फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए ।
- चयन के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक का चयन निरस्त कर दिया जाएगा|

## 11. सामान्य जानकारी :-

1. संस्थान के बारे में अधिक जानकारी के लिये संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **https://rajasthankrishianddairyvikassansthan.com/** पर जाये|

2. प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन करने होंगे ।

3. अभ्यार्थी से लिए गए आवेदन शुल्क के बदले संस्थान द्वारा अभ्यार्थी को आवेदन शुल्क मुल्य का रुट पावर उत्पाद उपलब्ध करवाया जाएगा अतः आवेदन शुल्क के रुप में लिए गई राशि उत्पाद की राशि है जो आवेदन शुल्क की राशि प्रतिदेय है ।

4. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है। इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है।

5. संस्थान द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे। अपूर्ण आवेदन संस्थान द्वारा अस्वीकार कर दिये जांयेंगे जिन की किसी भी प्रकार की सुचना नही भेजी जायेगी, आवेदक द्वारा गलल ई मेल आई डी लिखना अथवा संस्थान द्वारा भेजी गई ई मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, एवं इस सम्बन्ध में संस्थान द्वारा कोई भी वाद विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा

6. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित आवश्यक सूचनायें संस्थान द्वारा डाक अथवा ई-मेल | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ई मेल आई डी (स्वयं की) आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी, पूर्ण जानकारी गलत ई-मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

7. इस भर्ती पर पद घटाने-बढाने व चयन के सम्पूर्ण अधिकार संस्थान के होंगे जिनके लिए अभ्यार्थी ( आवेदक) किसी भी तरह का दावा नही कर सकेगा |

**<u>परीक्षा पैटर्नः-</u>**

- ऑनलाइन परीक्षा में पूछे जाने वाले कुलप्रश्नो की संख्या - 60
- सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रकार के होंगे।
- परीक्षा का समय 30 मिनट का होगा। परीक्षा के समय एवं दिनाँक की सूचना आवेदक को उसकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजी जाएगी।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिये एक अंक दिया जायेगा। गलत उत्तर पर कोई भी अंक नहीं काटा जाएगा । अतः आवेदक सभी प्रश्नो का उत्तर देना अनिवार्य होगा ।
- परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये आवेदक को 50% अंक लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में Passing Marks में किसी भी प्रकार से कोई भी छूट व आरक्षण नहीं हैं।

**<u>ऑनलाइन परीक्षा का तरीका :-</u>**

- ऑनलाइन परीक्षा के लिये आवेदकों को ऑनलाइन एक लिंक भेजा जायेगा। यह लिंक आवेदक को परीक्षा की दिनांक से ठीक एक दिन पहले आवेदक की ईमेल पर भेजा जायेगा। परीक्षा के समय से 10 मिनट पहले यह लिंक सक्रीय होगा। परीक्षा शुरू होने के समय से 10 मिनट पहले ही परीक्षा लिंक पर क्लिक कर आवेदक को सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। आवेदक को परीक्षा देने के लिये उक्त लिंक पर क्लिक करना होगा। लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदक को रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालना होगा। रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर आवेदक

के आवेदन पत्र में दिया गया हैं। रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर गलत भरने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा |

- नोट :- ऑनलाइन परीक्षा लिंक भेजे जाने सूचना बाबत एक टेक्स्ट SMS आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी भेजा जायेगा ।
- सबमिट करने के बाद ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित सभी निर्देश स्क्रीन पर आ जायेंगे। आवेदक इन सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़े।
- आवेदक को परीक्षा देने से पूर्व हिंदी व अंग्रेजी में से एक भाषा का चुनाव करना होगा। हिन्दी व अंग्रेजी दोनों विषयों के अलावा सभी विषयों के प्रश्न  हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे। यदि प्रश्न पत्र के हिंदी भाग में कोई त्रुटि है जैसे टाइपिंग त्रुटि या फॉन्ट आदि की गलती है तो अंग्रेजी भाग में वक्त किये जाने वाले अर्थ को वरीयता दी जाएगी। इसका अर्थ है कि यदि हिंदी और अंग्रेजी के प्रश्नो में कोई अतंर है तो अंग्रेजी में प्रश्न  को वैध माना जायेगा

## ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित जानकारी :-

- परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित सामग्री का उपयोग व नकल न करें।
- परीक्षा शुरू होने के बाद व समाप्त होने के बीच के समय में आवेदक द्वारा अपनी सीट नहीं छोड़ी जानी चाहिये।
- परीक्षा के दौरान आवेदक के कंप्यूटर, लैपटॉप अथवा मोबाईल में कोई तकनीकी की कमी अथवा Power Failure से System बंद या नेटवर्क छूट जाता है। तो संस्थान उसके लिये जिम्मेदार नहीं होगा। अतः आवेदक को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले कंप्यूटर/लैपटॉप/मोबाइल की बैटरी व नेटवर्क की जाँच कर ले ।
- आवेदक परीक्षा शुरू होने से पूर्व रफ कार्य के लिये पेपर व पेन अपने पास रखे।
- ऑनलाइन परीक्षा के लिये निम्न तकनीकी का कम्प्यूटर व मोबाईल में होना आवश्यक होगाः-

✓ Mobile- Android Version 6.0 & Above
✓ Desktop-Windows 2007 & Above
✓ Browser-Google Chrome
✓ Internet-4G Speed
✓ Complete Network/Signal

## परीक्षा का परिणाम :-

- आवेदक द्वारा दी गयी परीक्षा का परिणाम परीक्षा के सबमिट होने के बाद कंप्यूटर लैपटॉप/मोबाइल की स्क्रीन पर आ जायेगा।
- आवेदक द्वारा परिणाम का प्रिंट लिया जा सकेगा ।
- आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल पर परिणाम से सम्बंधित ईमेल भेजा जायेगा। आवेदक अपना परिणाम व आगे की सूचना ईमेल पर भी देख सकता है

## ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस

### परीक्षा की स्कीम

| विषय | प्रश्न संख्या | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 07 | 07 | 30 मिनट |
| अंग्रेजी | 07 | 07 | |
| गणित | 07 | 07 | |
| तार्किक क्षमता | 07 | 07 | |
| दैनिक विज्ञान | 07 | 07 | |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | 07 | 07 | |
| संस्कृति, इतिहास, राजस्थान की कला | 09 | 09 | |
| कृषि एवं पशुपालन | 09 | 09 | |
| **योग** | **60** | **60** | |

★ दस्तावेज़ सत्यापन:-

- परिक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अभ्यार्थी के संपूर्ण मूल दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा |

**नोट:-**

1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। व समान अंक के होंगे।
2. गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंकन नहीं है।

## 1. हिन्दी 7

- ✓ मुहावरे
- ✓ अलंकार - परिचय
- ✓ शुद्ध वर्तनी
- ✓ वाक्यांश के लिए एक शब्द
- ✓ विलोम शब्द
- ✓ समास

## 1. अंग्रेजी 7

- ✓ Antonyms
- ✓ Synonyms
- ✓ Sentence Completion

## 2. गणित 7

- ✓ प्रतिशत
- ✓ लाभ और हानि
- ✓ समय और दूरी
- ✓ समय और काम
- ✓ सरलीकरण
- ✓ औसत

## 3. तार्किक क्षमता 7

- ✓ Calendar
- ✓ Coding Decoding
- ✓ Analogy
- ✓ Directions

**4. दैनिक विज्ञान** **7**

- ✓ विज्ञान की शाखाएँ मूल बाते
- ✓ आवर्त सारणी
- ✓ महत्वपूर्ण तत्व
- ✓ अणु
- ✓ रासायनिक यौगिक
- ✓ जीव विज्ञान मूल बातें
- ✓ पौधों में प्रजनन
- ✓ पौधों और उनकी संरचना
- ✓ सूक्ष्म जीव
- ✓ एपिडर्मल कोशिकाएं

**5. कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त** **7**

- ✓ एमएस ऑफिस
- ✓ हार्डवेयर
- ✓ सॉफ्टवेयर
- ✓ की बोर्ड के फंक्शन
- ✓ नेटवर्क प्रौद्योगिकी
- ✓ वर्ल्ड वाइड वेब
- ✓ इंटरनेट प्रौद्योगिकी

**6. राजस्थान की कला ,संस्कृति इतिहास** **9**

- ✓ राजस्थान की कला, संस्कृति इतिहास

**7. कृषि एवं पशुपालन** **9**

- ✓ सामान्य कृषि एवं पशुपालन